




# माधवी राजे की पुण्यतिथि पर हुई भजन संध्या

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 15 मई।** राजमाता माधवी राजे सिंधिया की आज द्वितीय पुण्य तिथि के अवसर पर पुष्पांजली अर्पित करने के लिए भजन संध्या का आयोजन सांयकाल अम्मा महाराज की छत्री स्थित विष्णु मंदिर में किया गया। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायिका अंकिता कैलासिया द्वारा भजन प्रस्तुत कर स्वरांजली अर्पित की गई। अंकिता कैलासिया ने सत्यम शिवम सुंदरम, सांचा तेरा नाम मेरा, आपकी कृपा से सब काम हो रहा है जैसे कई सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल एवं बाल खांडे थे।

**धर्मगुरु सम्मानित**

इससे पूर्व प्रात: माधवराव सिंधिया की छत्री स्थित शिवजी पर अभिषेक किया गया। दोपहर में दरिद्र नारायण को भोजन भी कराया गया। चारों धर्मो के धर्म गुरू संत कृपाल सिंह महाराज, शहर काजी अब्दुल अजीज कादरी, सरदार वीरसिंह, चंद्रकांत शिंदे, संजय भौसले को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

शहर में भी विभिन्न आयोजन किए गए। हिमांशू खत्री द्वारा स्वर्ग सदन आश्रम गुडागुडी का नाका में पुष्पांजली सभा आयोजित कर भोजन वितरण किया गया। भाजपा नेता सुरेश पहलवान द्वारा 1000 बिस्तर के हॉस्पीटल में मरीजों को भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया, पूर्व मंत्री ध्यानेन्द्र सिंह, रामवरण सिंह गुर्जर पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेता बालखाण्डे, विजय फालके, जयंत जपे, हरिशंकर पचौरी, ब्रज हरि शर्मा, साडा अध्यक्ष अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष हरीश मेवाफरोश, चेंबर अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, राम सुंदर रामू, निगम सभापति मनोज तोमर, वीरेंद्र गंगवाल, प्रशांत गंगवाल, प्रशांत मेहता, गिर्राज दंडौतिया, पूर्व पार्षद गुड्डु वारसी, सुरेंद्र शर्मा, जी.डी.ए. अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, मुन्नालाल गोयल, डॉ केशव पांडे, श्रीमती निशी मिश्रा प्राचार्य एसकेवी, उदयवीर सिंह गुर्जर, प्रदीप पराशर, रामनारायण मिश्रा आदि ने माधवीराजे को पुष्पांजली अर्पित की।

### सत्येन्द्र शर्मा ने गौशाला में की गौसेवा



माधवी राजे सिंधिया की द्वितीय पुण्यतिथि पर मुरार स्थित आदर्श गौशाला ( लाल टिपारा) पर भारतीय जनता पार्टी जिला ग्वालियर महानगर के उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा के द्वारा गऊ माता को हरा चारा खिला कर गौ माता की सेवा कर राजमाता को पुष्पांजलि अर्पित की। आदर्श गौशाला में गौमाता को हरा चारा खिलाने वालो में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा के साथ विशाल पाराशर, विनय शर्मा, वरुण कांकोरिया, अरुण कुमार तिवारी, दीपक शर्मा, राजीव गुप्ता, आकाश शर्मा, माधव पचौरी, गोपाल शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### मना विकास दिवस, वृक्षारोपण कर दी श्रद्धांजलि

माधवराव सिंधिया नामकरण एवं विकास समिति द्वारा माधवीराजे सिंधिया की पुण्यतिथि को विकास दिवस के रूप में मनाते हुए माधव मंगल पैलेस में वृक्षारोपण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संगठन प्रभारी अनिल पुनियानी ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में समिति के अध्यक्ष संजय दीक्षित एडवोकेट उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों द्वारा माधव मंगल पैलेस परिसर में वृक्षारोपण किया गया।संगठन प्रभारी अनिल पुनियानी ने कहा कि माधवराव सिंधिया के विकास के विजन के साथ-साथ माधवीराजे का भी सामाजिक सरोकारों में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम में मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र भदकारिया, बलराम सिंह, चन्द्र सिंह, आशीष मंगल, सुरेन्द्र सिंह, शकील भाई सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल थे।

# बाइक सवार दम्पति हादसे का शिकार

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 15 मई।** घर से चीनोर जाने के लिए निकले पति-पत्नी हादसे का शिकार हो गए। घायलों को इलाज के लिए जेएएच में भर्ती कराया गया था, जहां तीन दिन चले इलाज के बाद पति की मौत हो गई।

**पति की मौत ,चीनौर रोड पर हुआ हादसा, इलाज के दौरान दम तोड़ा**

अस्पताल में मौत होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। हादसा डबरा देहात थाना क्षेत्र के इटायल पेट्रोल पंप के पास चीनौर रोड पर 11 मई को हुआ था। हेमंत सिंह जाटव निवासी प्रेम नगर कॉलोनी डबरा अपनी पत्नी जानकी जाटव के साथ बाइक से निकले थे। पति-पत्नी चीनौर रोड स्थित इटायल पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे, उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से भाग गया। सड़क दुर्घटना में महिला-पुरुष घायल हो गए हैं, यह जानकारी पुलिस तक पहुंची तो मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए जेएएच पहुंचाया गया।

हेमंत जाटव की हालत नाजुक थी, जबकि जानकी जाटव को भी चोटें आई थीं। अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार देर रात को हेमंत जाटव ने दम तोड़ दिया। घायल की मौत होने की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## जेयू में नि :शुल्क मोटापा निवारण शिविर कल से

**ग्वालियर, 15 मई।** जीवाजी विश्वविद्यालय में 17 से 21 मई तक पांच दिवसीय नि:शुल्क मोटापा रोग निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक साधना केंद्र में होगा। शिविर प्रभारी प्रो. सुशील कुमार गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन विश्वविद्यालय एवं भारतीय योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में होगा। पंजीयन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर होगा। उद्घाटन कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य करेंगे। प्रो. गुप्ता ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बढ़ते मोटापे और उससे जुड़ी बीमारियों जैसे मधुमेह, हृदय रोग व उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूकता फैलाना है। विशेषज्ञों के अनुसार योग, संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या से मोटापे को नियंत्रित किया जा सकता है।

# जनगणना कार्य से इंकार करने पर एमपीडब्ल्यू को निलंबित करने की अनुशंसा

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 15 मई।** जनगणना 2027 के कार्य में लापरवाही और आदेशों की अवहेलना का मामला सामने आया है। क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-22 नगर निगम, ग्वालियर द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन के आधार पर नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा मलेरिया विभाग में पदस्थ एमपीडब्ल्यू श्री रणवीर सिंह भदौरिया को निलंबित किए जाने की अनुशंसा मुख्य चिकित्सा अधिकारी ग्वालियर से की गई है।

निगमायुक्त द्वारा जारी पत्र अनुसार जनगणना 2027 के अंतर्गत श्री भदौरिया को एचएलबी क्रमांक-110 में प्रगणक का दायित्व सौंपा गया था, जिसमें उन्हें 200 घरों की गणना करनी थी लेकिन उन्होंने केवल 9 घरों की गणना कर और कार्य करने से स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया। बताया गया कि उन्होंने कहा कि वे कोई अन्य कार्य नहीं करेंगे और आवश्यकता हो तो उन्हें सस्पेंड कर दिया जाए।

क्षेत्राधिकारी सह चार्ज अधिकारी एवं सुपरवाइजर द्वारा समझाने के बावजूद उन्होंने कार्य प्रारंभ नहीं किया, जिससे संबंधित क्षेत्र में जनगणना कार्य प्रभावित हो रहा है।

मामले को गंभीर मानते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ग्वालियर को कार्रवाई कर निलंबन की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु पत्र भेजा गया है। जनगणना कार्य में लापरवाही करने पर नियम अनुसार जुर्माना एवं सजा का भी प्रावधान है।

# 17 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 15 मई।** शहर के जनकगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कमानी पुल स्थित 'सात भाई की गोठ' में शुक्रवार सुबह एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहाँ 17 वर्षीय छात्र नमन पवार ने अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद से ही पूरे इलाके में शोक की लहर है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

**पंखे के कुंदे से साड़ी के फंदे पर लटका पाया**

जानकारी के अनुसार, मनोज पवार का 17 वर्षीय पुत्र नमन गुरुवार रात करीब पौने बारह बजे घर लौटा था। रात में पूरे परिवार के साथ खाना खाने के बाद सभी लोग अपने-अपने कमरों में सोने चले गए थे। नमन दूसरी मंजिल पर स्थित अपने कमरे में गया था। शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे जब नमन का छोटा भाई मानव किसी काम से दूसरी मंजिल पर पहुँचा, तो उसने नमन को पंखे के कुंदे से साड़ी के फंदे पर लटका पाया। भाई को इस हालत में देख मानव की चीख निकल गई।

चीख-पुकार सुनकर परिजन तुरंत ऊपर पहुँचे और आनन-फानन में नमन को फंदे से नीचे उतारा। उसे तत्काल इलाज के लिए जयारोग्य अस्पताल ले जाया गया जहाँ चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नौतपा से पहले ही झुलसा रही धूप, पारा 43 डिग्री के पार



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 15 मई।** गर्मी ने अपने तेवर कड़े कर लिए हैं। शुक्रवार को सुबह से ही सूर्यदेव के तीखे तेवरों ने शहरवासियों को बेहाल कर दिया। आलम यह रहा कि सुबह 12 बजे ही पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया, जबकि दोपहर होते-होते अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा।

भीषण गर्मी और लू के चलते दोपहर 12 बजे के बाद शहर की मुख्य सड़कों पर सन्नाटा पसर गया।



महाराज बाड़ा, थाटीपुर और लश्कर जैसे व्यस्त इलाकों में भी आवाजाही बेहद कम रही। जो लोग बाहर निकले, वे भी चेहरे पर स्कार्फ और आंखों पर चश्मा लगाकर धूप से बचने की जद्दोजहद करते नजर आए। गर्मी का असर ऐसा था कि दोपहर में शहर की सड़कें आग की भट्टी की तरह तपती महसूस हुईं।

मौसम विभाग का कहना है कि राजस्थान की ओर से आ रही गर्म हवाओं के कारण अगले 48 घंटों में लू का प्रकोप और बढ़ेगा। संभावना जताई जा रही है कि पारा 44 से 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने 'हीट स्ट्रोक' से बचने की सलाह दी है।

## तपती धूप में 'मिस्ट स्प्रे' बनी राहत

शहर में सूर्यदेव के तेवर तीखे होते ही जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर में जारी भीषण लू और चिलचिलाती धूप के बीच नगर निगम ने आमजन को राहत देने के लिए एक सराहनीय पहल की है। शहर के प्रमुख चौराहों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम (फव्वारे) सक्रिय कर दिए गए हैं, जो राहगीरों के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रहे।

**चौराहे पर फुब्बारे की ठंडी हवा से मिली राहत**

**तापमान में गिरावट और राहत का अहसास :** नगर निगम द्वारा लगाए गए ये मिस्ट टावर सुबह से लेकर देर रात तक निरंतर कार्य कर रहे हैं।इन टावरों से निकलने वाली पानी की बारीक फुहारें न केवल वातावरण में नमी बढ़ा रही हैं, बल्कि चौराहे के



आसपास के तापमान में भी गिरावट ला रही हैं और चिलचिलाती धूप में रेड सिग्नल पर खड़े वाहन चालकों को तत्काल शीतलता मिल रही है।हवा में नमी बढ़ने से लू के थपेड़ों का असर कम महसूस हो रहा है।

**राहगीरों और दुकानदारों ने जताई खुशी :** इस सुविधा का लाभ न केवल आवागमन करने वाले राहगीरों को मिल रहा है, बल्कि चौराहों के आसपास अपनी दुकानें लगाने वाले व्यापारियों को भी भीषण गर्मी से राहत मिली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोपहर के समय जब गर्म हवाएं चलती हैं, तब ये मिस्ट टावर राहत का मुख्य केंद्र बन जाते हैं। नगर निगम प्रशासन के अनुसार, इन मिस्ट टावरों को लगाने का प्राथमिक उद्देश्य बढ़ते तापमान के बीच नागरिकों को लू की चपेट में आने से बचाना और शहरी वातावरण को अनुकूल बनाए रखना है।

**प्रमुख चौराहों पर विस्तार की योजना :** वर्तमान में शहर के मुख्य और व्यस्ततम चौराहों पर यह सिस्टम सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। निगम की इस पहल को देखते हुए शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी ऐसे मिस्ट टावर लगाने की योजना पर विचार किया जा रहा है।

# सब्जी लेने व पार्क घूमने गए लोगों की गाड़ियां पार

**पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल, डबरा में 15 दिन बाद दर्ज हुई एफआईआर**

**ग्वालियर, 5 मई।** शहर और देहात में वाहन चोरों के हौसले बुलंद हैं। शातिर चोरों ने भीड़भाड़ वाले इलाकों और पार्कों के बाहर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों के भीतर कंपू, गोला का मंदिर और डबरा सिटी थाना क्षेत्रों से तीन बाइक चोरी होने के मामले सामने आए हैं। चिंताजनक बात यह है कि पुलिस पीड़ितों की सुनवाई करने में आना-कानी कर रही है।

गायत्री विहार कॉलोनी निवासी शिशुपाल सिंह राजावत पिंटो पार्क स्थित सब्जी मंडी पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक मंडी के बाहर खड़ी की और अंदर चले गए। करीब एक घंटे बाद जब वह वापस लौटे, तो गाड़ी वहां से गायब थी। पीड़ित ने गोला का मंदिर थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। वही दूसरी घटना माधौगंज के काले की गोठ निवासी संजय जोशी के साथ भी ऐसी ही वारदात हुई। वह नेहरू पार्क में घूमने गए थे और अपनी बाइक बाहर खड़ी की थी। वापस आने पर उन्हें बाइक नहीं मिली। तीन दिनों तक खुद तलाश करने के बाद आखिरकार उन्होंने कंपू थाने में मामला दर्ज कराया। देहात के डबरा सिटी थाना क्षेत्र में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां एक पीड़ित की बाइक चोरी होने के बावजूद पुलिस रिपोर्ट लिखने में आना-कानी करती रही। नतीजा यह हुआ कि वारदात के 15 दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया।

# मछली पालन के केज कल्चर के लिए मिलेगी अनुदान सहायता

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 15 मई।** ग्वालियर जिले में चयनित जलाशयों में मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति-2026 के तहत मछली पालन के लिए केज कल्चर स्थापित कराए जायेंगे। मत्स्य क्षेत्र का समग्र विकास एवं जलाशयों के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने एवं मत्स्य पालकों की आर्थिक समृद्धि के उद्देश्य से राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत यह केज कल्चर स्थापित होंगे। केज कल्चर स्थापित करने के इच्छुक जिले की समितियों एवं संस्थाओं से 7 जून 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में गोला का मंदिर भिण्ड रोड पर स्थित सहायक संचालक मत्स्योद्योग के कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

सहायक संचालक मत्स्योद्योग विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पात्र हितग्राहियों, समितियों एवं संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत चयनित हितग्राहियों को निर्धारित पात्रता अनुसार 40 से 60 प्रतिशत तक अनुदान सहायता प्रदान की जायेगी। यह सहायता भारत सरकार द्वारा केज कल्चर गतिविधि स्वीकृत होने के उपरांत दी जा सकेगी।

योजना के अंतर्गत प्रति हितग्राही अधिकतम 18 केज अथवा 1800 घनमीटर तक तथा प्रति समिति अथवा संस्था अधिकतम 72 केज अथवा 7200 घनमीटर तक पात्रता निर्धारित की गई है। प्रति केज की लागत 3 लाख रुपये निर्धारित है।

मत्स्योद्योग विभाग द्वारा चयनित ककेटो एवं पेहसारी सिंचाई जलाशयों में केज स्थापित किए जायेंगे। इच्छुक हितग्राही, समिति अथवा संस्था निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ डी.पी.आर. एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।






# ई-टोकन से खाद प्राप्त करना हुआ आसान

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 15 मई।** ग्वालियर जिले के किसानों को भी प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप खाद वितरण व्यवस्था में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से ई-टोकन व्यवस्था लागू की गई है। अब किसान भाई खाद प्राप्त करने के लिए घर बैठे अपने मोबाइल से आसानी से ई-टोकन जनरेट कर सकेंगे।

**'बलराम' मोबाइल ऐप से किसान स्वयं जनरेट कर सकेंगे ई-टोकन**

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आर बी एस जाटव ने बताया कि यह सुविधा वेब पोर्टल के साथ-साथ 'बलराम' फार्मर मोबाइल ऐप पर भी उपलब्ध कराई गई है। किसान भाई अपने मोबाइल में बलराम ऐप डाउनलोड कर सरल प्रक्रिया के माध्यम से ई-टोकन प्राप्त कर सकते हैं। इससे किसानों का समय बचेगा और खाद प्राप्त करने की प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक एवं पारदर्शी होगी।

# 22 से हड़ताल पर जाएंगे आउटसोर्स कर्मचारी

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 15 मई।** जिले के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने लंबे समय से लंबित वेतन और एरियर का भुगतान न होने पर अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। कर्मचारियों ने प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए घोषणा की है प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई, तो 22 मई से वे पूर्णत: काम बंद कर हड़ताल पर चले जाएंगे।

**वेतन और 11 महीने का एरियर न मिलने से कर्मचारियों में आक्रोश : कोमल सिंह**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक को सौंपे गए सूचना पत्र में कर्मचारियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त की है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकृत आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से तैनात स्टाफ को पिछले कई महीनों का वेतन और 11 माह का एरियर नहीं दिया गया है। भुगतान न होने के कारण सैकड़ों कर्मचारी गहरे आर्थिक संकट में फंस गए हैं और उनके सामने परिवार के भरण-पोषण की समस्या खड़ी हो गई है।

### 22 मई से ठप हो सकती हैं स्वास्थ्य सेवाएं

कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि वे आंदोलन के लिए मजबूर हैं। इसकी रूपरेखा के अनुसार, आगामी 22 मई से जिले के समस्त आउटसोर्स कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि हड़ताल के कारण यदि स्वास्थ्य व्यवस्थाएं प्रभावित होती हैं या किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलती है, तो इसकी समस्त जिम्मेदारी जिला स्वास्थ्य प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की होगी। अब देखना यह है कि प्रशासन इस चेतावनी के बाद हरकत में आता है या ग्वालियर की स्वास्थ्य सेवाएं इस हड़ताल की भेंट चढ़ती हैं।